अध्याय : 10

धारिता

नापें – खेलें

देखिए! अजय क्या कर रहा है?

अजय फिर बाल्टी से मग भर-भर कर नहाने लगा।



बताइए–

- कितने मग पानी निकलने पर आधी बाल्टी खाली हुई थी? ....
- कितने मग पानी निकलने पर पूरी बाल्टी खाली हुई होगी? ....

आप बाल्टी या जग लीजिए। उसमें पानी भरिए। मग या गिलास भर-भर कर बाल्टी से पानी निकालिए–

कितने मग/गिलास पानी निकालने पर बाल्टी खाली हो गई?

————————————————————————————————————

बाल्टी में कितने गिलास/मग पानी अँटा था?

————————————————————————————————————

यदि कोई बाल्टी 20 मग पानी से पूरी भर जाती है तो हम कहेंगे कि उस बाल्टी की धारिता 20 मग है। इसी तरह यदि बाल्टी 5 जग से पूरी भर जाती है तो कहेंगे कि बाल्टी की धारिता 5 जग है।

अब इन बर्तनों में से विभिन्न बर्तनों जैसे– गिलास, कप, लोटा आदि से पानी निकालकर बर्तनों की धारिता तालिका में लिखिए तथा अपने साथियों के चार्ट से अपना चार्ट मिलाइए–

बर्तन	धारिता गिलास में	धारिता मग में	धारिता लोटा में
बाल्टी			
जग			
टब			
टीन (कनस्तर)			
घड़ा			
पतीला (तसला)			

क्या सभी साथियों के बर्तन की धारिता गिलास से, मग से तथा लोटा से मापे जाने पर समान आती है या अन्तर आता है?

क्या सबके घरों में बर्तन जैसे बाल्टी, लोटा, गिलास, कप, मग आदि एक समान होते हैं? नहीं। तब तो किसी के गिलास, कटोरे या लोटे में ज्यादा पानी अँटेगा तो किसी में कम।

अजय के घर का गिलास

लड्डू के घर का कटोरा

आबिदा के घर का गिलास

हैप्पी के घर का कटोरा

क्या आपने पीने का पानी वाला बोतल देखा है?

बोतल पर क्या लिखा होता है?

1 लीटर वाले पानी का बोतल आप जहाँ कहीं भी देखे होंगे, सभी जगह की बोतलों में पानी की मात्रा बराबर होगी।

1 लीटर के बर्तन को 1 लीटर वाला नपना कहते हैं।

1 लीटर वाला खाली बोतल लीजिए और अपने विद्यालय या घर के अलग-अलग बर्तनों में बोतल से पानी भर-भर कर उनकी धारिता तालिका के निर्देशानुसार बताइए–

बर्तन	कितने बोतल पानी	धारिता (लीटर में)
बाल्टी		
घड़ा		
टब		
जग		

क्या अंतिम बोतल भरते समय बोतल में कुछ पानी बच जाता है या बर्तन में थोड़ी जगह खाली रह जाती है?

____

क्या आपने दूध वाले के मापने के बर्तन को देखा है?



1 लीटर वाले नपने में बारी-बारी से 500 मि.ली., 200 मि.ली., 50 मि.ली. वाले नपनों से पानी भरिए और तालिका में लिखिए–

नपना	1 लीटर वाले नपने में कितने नपने पानी अँटा	पानी की कुल मात्रा
500 मि.ली.	2	500 मि.ली. ×2 = 1000 मि.ली.
200 मि.ली.	....	....
100 मि.ली.	....	....
50 मि.ली.	....	....

इन्हें भी कीजिए–

1. एक बर्तन में 500 मिलीलीटर दूध है। इसमें 250 मिलीलीटर दूध और डाल दिया गया। अब बर्तन में कितना दूध हो गया?
2. एक बोतल की धारिता 500 मिलीलीटर है। 50 मिलीलीटर के बर्तन से इस बोतल को कितनी बार में पूरा भरा जा सकता है?
3. मीता पानी की बोतल में 750 मिलीलीटर पानी लेकर पाठशाला गई। पाठशाला से वापस आने पर बोतल में 200 मिलीलीटर पानी था। मीता ने कितना पानी पी लिया?
4. बाजार में 2 लीटर तेल का डिब्बा मिलता है। 10 लीटर तेल के लिए ऐसे कितने डिब्बे खरीदने होंगे?
5. रमेश ने अंकुर को 2 लीटर दूध बेचा और शैलू को 4 लीटर दूध बेचा। बताइए कि अंकुर और शैलू ने कुल मिलाकर कितना दूध खरीदा?